# श्याम बाबा हारा हूँ मैं संसार से भजन लिरिक्स

श्याम बाबा,
श्याम बाबा हारा हूँ मैं,
संसार से संसार से,
ओ खाटू वाले बाबा,
देना सहारा,
झूठी है ये दुनिया बाबा,
तू ही हमारा,
श्याम बाबा हारा हूं मैं,
संसार से संसार से ।bd।

तर्ज – परदेसी परदेसी जाना नहीं ।

---

जब जब मैं हारा हूँ,
तेरे दर आया,
हाथ पकड़ के मेरा,
तूने अपनाया,
सब कुछ है तेरा जो,
मैंने है पाया,
नालायक था मैं लायक,
बनके आया,
सबकुछ मिला है,
दर पे तेरे आके,
लीले घोड़े वाले,
ओ हारे के सहारे,
श्याम बाबा हारा हूं मैं,
संसार से संसार से ।bd।

---

श्याम तेरी जो नगरी है,
वो जन्नत है,
वहां की पूरी दुनिया ही,
तो मन्नत है,
कोई खाली झोली,
लेकर आता है,
औकात से ज्यादा वो,
भरकर ले जाता है,
हम भी दर पे आये,
मन में आस लाये,
थोड़ा तो मिलेगा,
अरदास लगाएं,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

श्याम बाबा हारा हूं मैं,
संसार से संसार से Ibd।

जब जब मैं रोया हूँ,
दो पग संग आये,
जब जब मैं मुस्काया,
तुम भी मुस्काए,
सुख हो या जीवन में,
दु:ख जितने आये,
तुम संग हो तो कौन,
मेरा क्या कर पाए,
सरकार तुम हो पालनहारे,
ये जीवन है अब तेरे हवाले,
श्याम बाबा हारा हूं मैं,
संसार से संसार से Ibd।

श्याम बाबा,
श्याम बाबा हारा हूँ मैं,
संसार से संसार से,
ओ खाटू वाले बाबा,
देना सहारा,
झूठी है ये दुनिया बाबा,
तू ही हमारा,
श्याम बाबा हारा हूं मैं,
संसार से संसार से Ibd।

**Singer – Nitisha Rathod**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com